अमर उजाला 14-09-2023

कार्यशाला से किया नए छात्रों को जागरूक

कार्यशाला के दौरान मौजूद कॉलेज प्राचार्य व छात्र। संस्था

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज ने पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों के नए बैच के स्वागत के लिए बुधवार को कार्यशाला का आयोजन किया।

इसका उद्देश्य नए विद्यार्थियों को कॉलेज प्रणाली और उसके कामकाज के बारे में अवगत कराना रहा। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने नए छात्रों को उनकी योग्यता के आधार पर प्रतिष्ठित कॉलेज में प्रवेश पाने के लिए बधाई दी।

उन्होंने कहा कि हमारे छात्रों को जीएमएन का हिस्सा होने पर गर्व महसूस करना चाहिए। शैक्षणिक गतिविधियों के साथ कॉलेज वैज्ञानिक स्वभाव, वैश्विक दक्षताओं और छात्रों के समग्र विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सीखने के व्यापक अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।